

## निगम ने चिंहित किए 29 भैंसों के तबेले...

# अब होगी हटाने की कार्रवाई

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

रतलाम शहर को स्वच्छ-सुन्दर बनाने के लिए स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाली भैंसों पर लगाम लगाने हेतु नगर में संचालित भैंसो के तबलो को हटाया जाना है जिसके तहत निगम द्वारा नगर निगम सीमा क्षेत्र में 29 भैंसो के तबेलो चिन्हित कर लिया गया है जिसे हटाया जाना है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार भैंसो के तबलो को हटाया जाने के अभियान के तहत 31 अगस्त मंगलवार को स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह ने स्वास्थ्य अमले के साथ 7 तबेलो पर जाकर तबेला संचालकों को तबले स्वंय हटाकर शहर से बाहर ले जाने के निर्देश दिये अन्यथा निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी।

मंगलवार शरीफ खां-हसन खां, बशीर खां-हसन खां कंजास बस्ती, बालकिशन शर्मा सूरजमल जैन नगर, कृष्णकुमार गुर्जर उंकाला रोड, हमीद-म.[illegible]द शैरानीपुरा, रूआब-फकीर मोहम्मद, असलम बश. [illegible] शैरानीपुरा खेड़ा को तबेले स्वंय हटाने की समझाईश. दी अन्यथा तबेलो को 01 सितम्बर को नगर निगम द्वारा हटाया जायेगा।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर में स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाली भैंस की संख्या बढ़ती जा रही।

इस हेतु शहर में स्थित अवैध रूप से संचालित सभी तबेलो का सर्वे नगर निगम द्वारा कराया जा चुका है। शहरी क्षेत्र में भैंसो का पालन करना निगम एक्ट के विपरित है।

ऐसे भैंस पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले का निर्माण कर भैंसो का पालन कर रहे है वे स्वंय अपने तबेलो को हटाकर शहर से बाहर ले जाये अन्यथा निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी।

राज एक्सप्रेस 2/9/21

## बकाया के रूप में 12.21 लाख की राशि निगम को प्राप्त हुई

रतलाम ● कोरोना महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण प्राय: रोजगार में कमी, उद्योग-धन्धे में गिरावट, सर्विस सेक्टर आदि में शिथिलता परिलक्षित होने के फलस्वरूप निगम से संबंधित करों, उपभोक्ता प्रभार आदि की बकाया राशि एक मुश्त जमा कराने में उत्साह दिखाते हुए अंतिम दिन 31 अगस्त को संपत्तिकर 8 लाख 75 हजार व जलकर 3 लाख 46 हजार कुल राशि 12 लाख 21 हजार की राशि जमा कराकर अधिभार (पेनल्टी) राशि में छूट का लाभ लिया।

स्वदेश २/९/२१

## 4411 में 415 ने ही जमा कराए दस्तावेज

रतलाम। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत छूटे हुए 4411 गरीब परिवारों को पात्रता संबंधी शपथ पत्र के आधार पर अस्थायी पात्रता पर्ची से अगस्त महीने तक का राशन उपलब्ध कराया गया है। इन सभी हितग्राहियों को स्थायी पर्ची जारी करने की प्रक्रिया 31 अगस्त तक चली। शाम पांच बजे तक 415 ने ही दस्तावेज जमा कराए। जिनके दस्तावेज जमा नहीं हुए हैं, उनकी अस्थाई पात्रता पर्ची एक सितंबर से निरस्त मानी जाएगी और राशन भी बंद हो जाएगा। कोरोनाकाल में विशेष अभियान के तहत सभी छूटे गरीब परिवारों को लाभ दिलाने के लिए प्रक्रिया शुरू की गई है, जिसमें चार हजार से अधिक लोगों को अस्थाई पर्ची जारी कर सरकारी राशन दिया गया है। यह जानकारी जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी एसएच चौधरी ने दी। नईदुनिया

नईदुनिया २/९/२१

## नेशनल लोक अदालत 11 सितंबर को

रतलाम, नप्र। आगामी 11 सितंबर को रतलाम जिला न्यायालय तथा जावरा व आलोट तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। यह आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार होगा। न्यायाधीश ने आमजनों से अपील की कि अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर लाभ लें। प्र.कि.।

प्रभात किरण १/९/२१

# नल कनेक्शन के माध्यम से जल उपलब्ध करवाने का कार्य जिले में जारी

रतलाम 31 अगस्त 2021/ जल जीवन मिशन में प्रदेश की समूची ग्रामीण आबादी को नल कनेक्शन के माध्यम से जल उपलब्ध करवाने का कार्य प्रत्येक जिले में जारी है। प्रदेश के 3151 ग्रामों के हर घर में अब नल कनेक्शन के जरिये शुद्ध एवं पर्याप्त मात्रा में जल की आपूर्ति हो रही है। अब तक स्थापित क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन (स्त्र।ऋष्ट) के अनुसार प्रदेश की ग्रामीण आबादी की जलप्रदाय योजनाएँ त्वरित गति से पूर्ण की जा रही हैं, ताकि ग्रामीणों को योजना से लाभान्वित किया जा सके। जल जीवन मिशन में 40 लाख 19 हजार नल कनेक्शन मुहैया करवाकर पूरी ग्रामीण आबादी के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 33 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की जा चुकी है। घर-घर पेयजल की व्यवस्था के लिए चालू मिशन में निरन्तर विस्तार होता जा रहा है। प्रदेश की लगभग सवा.पाँच करोड़ ग्रामीण आबादी के लिए एक करोड़ 22 लाख नल कनेक्शन दिए जाने का लक्ष्य है। जल जीवन मिशन में यह कार्य वर्ष 2023 तक पूर्ण किए जाने की समय-सीमा निर्धारित की गई है। स्वतंत्र

स्वतंत्र रतलाम 2/9/21

## अर्जुन नगर में नगर निगम की भूमि का कराया समतलीकरण

रतलाम ● अर्जुन नगर में नगर निगम विकास शाखा की स्वीकृत योजना की भूमि जिसे नगर निगम द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया गया था जिस पर कतिपय लोगों द्वारा भूमि पर खेती करना पाए जाने पर मंगलवार को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार ट्रैक्टर से भूमि का समतलीकरण कराया गया। अब भूमि की फैंसिंग का कार्य किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि दिसम्बर 2020 में अर्जुन नगर में नगर निगम विकास शाखा की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर भूमि को कब्जे में लेने की कार्रवाई निगम आयुक्त के निर्देशन में की गई थी। उक्त भूमि 1982 में नगर निगम विकास शाखा की स्वीकृत योजना का हिस्सा है जिस पर किएं गए अतिक्रमण को हटाकर निगम द्वारा कब्जे में लिया गया था।

स्वदेश 2/9/21

## निगम का अमला पहुंचा अर्जुन नगर

रतलाम. अर्जुन नगर में नगर निगम विकास शाखा की स्वीकृत योजना की भूमि जिसे नगर निगम द्वारा दिसंबर 2020 में अतिक्रमण से मुक्त कराया था, उसको अब समतलीकरण कार्य किया गया है। इस भूमि पर अतिक्रमण हटाने के दौरान फसल पाई गई थी, इसलिए तत्काल समतलीकरण नहीं किया गया था। अब इस भूमि पर तार लगाने के कार्य की शुरुआत हो रही है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दिसम्बर 2020 में अर्जून नगर में नगर निगम विकास शाखा की भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटाकर भूमि को कब्जे में लेने की कार्यवाही की थी। यह भूमि 1982 में नगर निगम विकास शाखा की स्वीकृत योजना का हिस्सा है जिस पर किये गये अतिक्रमण को हटाकर निगम द्वारा कब्जे में लिया गया था। इसी दौरान उपज पाए जाने पर तब समतलीकरण कार्य नहीं किया गया था। अब जाकर यह कार्य किया गया है। पत्रिका।

पत्रिका 2/9/21

# शहर में आयुष्मान कार्ड बनाने की धीमी गति पर नाराजगी

## कलेक्टर ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कार्ड निर्माण की गति तेज करने के दिए निर्देश



**स्वतंत्र एलान संवाददाता**

रतलाम। रतलाम शहर में आयुष्मान कार्ड निर्माण की गति धीमी होने पर कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा सख्त नाराजगी व्यक्त की गई। समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर द्वारा निगम आयुक्त तथा एसडीएम को निर्देश दिए गए कि आयुष्मान कार्ड निर्माण की गति बढ़ाई जाए। शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ समयावधि में हितग्राहियों को मिले। कलेक्टर द्वारा जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन को भी निर्देशित किया गया कि जिला चिकित्सालय की ओपीडी में आने वाले मरीजों में से पात्र हितग्राहियों का चयन करके उनके कार्ड बनाए जाएं। कलेक्टर सुश्री शिराली जैन को निर्देश दिया कि वह प्रतिदिनं आयुष्मान कार्ड निर्माण की मान्टिरिंग करें। सभी एसडीएम को 1000 कार्ड प्रतिदिन बनाने के लिए निर्देशित किया। बैठक में जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षी सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम श्री एम.एल. आर्य, श्री अभिषेक गहलोत आदि उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि राजस्व अधिकारी अतिक्रमण वास्तविक रूप से हटाए मात्र केस दर्ज नहीं करें। गिरदावरी गुणवत्तायुक्त हो, सभी एसडीएम, तहसीलदार रैंडम निरीक्षण करें, 15 सितंबर तक काम पूर्ण किया जाना है।

सी.एम. हेल्प लाइन के लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं अधीक्षण यंत्री, म.प्र. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लि. तथा नगरीय निकाय को लंबित शिकायतों का निराकरण कर 90-90 तथा राजस्व विभाग, खाद्य विभाग को 75-75 प्रतिशत उपलब्धि हासिल किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इसी प्रकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत को शिकायतों का निराकरण कर 85 प्रतिशत उपलब्धि हासिल किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। प्रभारी अधिकारी, सी.एम. हेल्प लाईन द्वारा अवगत कराया कि राजस्व की लंबित शिकायतों में अधिकांश अतिक्रमण से संबंधित है। समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रकरण दर्ज करें, अवैध अतिक्रमण को नियमानुसार हटाने की कार्यवाही करें। सभी जिला प्रमुखों को निर्देशित किया गया कि आगामी समय सीमा की बैठक में किसी भी विभाग की रैंकिंग 20 से नीचे नहीं होना चाहिए।

जल जीवन मिशन के तहत जिले के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों एवं आंगनवाडियों में नल के माध्यम से पेयजल व्यवस्था की जाती है। इस सम्बन्ध में कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को निर्देशित किया गया कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा 30 सितम्बर 2021 तक समस्त स्कूलों एवं आंगनवाडियों में पेयजल व्यवस्था की जाना सुनिश्चित करें। स्वतंत्र

स्वतंत्र एलान 2/9/21

**कुष्ठ रोगी बस्ती के रहवासियों को सौगात मिलेगी**

# ईश प्रेम बस्ती व मोती नगर में मिलेगा धोलावाड़ से पानी



**रतलाम.** धोलावाड़ रोड स्थित ईश प्रेम बस्ती व मोती नगर स्थित कुष्ठ रोगी बस्ती के रहवासियों को नगर निगम एक पखवाड़े में बड़ी सौगात देने जा रही है। इस क्षेत्र के रहवासियों को धोलावाड़ का मीठा पानी मिलने लगेगा।

बुधवार दोपहर बाद निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, उपयंत्री सुहास पंडित, , पूर्व पार्षद सतीष भारतीय के साथ स्थलों का निरीक्षण कर पेयजल सप्लाय शुरु करने के लिए कहा है। निगम आयुक्त झारिया को निरीक्षण के दौरान बताया गया कि उक्त क्षेत्रों में पेयजल पाईप लाईन डाली जाकर उन्हे मुख्य पाईप लाईन से जोड़ा भी जा चुका है, किन्तु रोड़ निर्माण के दौरान पाईप लाईन क्षतिग्रस्त होने से इन दोनों क्षेत्रों में पेयजल सप्लाय नहीं हो पा रहा है। पाईप लाईन ठीक होने के बाद उक्त दोनों क्षेत्रों में पेयजल सप्लाय के साथ ही शंकरगढ़ व राम नगर में पेयजल सप्लाय किया जाएगा। इस अवसर पर निगम आयुक्त झारिया ने जलकर डायरी भी 10 दिनों में बनाने को कहा है। मोती नगर के निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बीएलसी भवन निर्माण कार्य का निगम आयुक्त झारिया ने अवलोकन कर हितग्राहियों से भवन निर्माण हेतु अब तक कितनी किश्ते प्राप्त हुई है की जानकारी ली।

पत्रिका २/७/२१

# हरियाली भरपूर... औसत के लिए तेज बारिश जरूरी, अब तक पिछले साल से 8.66 इंच कम



रतलाम | जिले में मौसम सुहावना है, चारों तरफ हरियाली फल-फूल रही है। रुक-रुककर बारिश का दौर भी चल रहा है लेकिन अभी हो रही बारिश नाकाफी है क्योंकि हम सामान्य और पिछले साल की बारिश से पिछड़ गए हैं। अब तक पिछले साल से 8.66 इंच कम बारिश दर्ज की गई है। वहीं सामान्य बारिश से भी करीब 1 इंच पीछे है। जिले का कोटा 36.15 इंच बारिश का है, अब तक 27.79 इंच बारिश हुई है। बुधवार को शहर में दिनभर रुक-रुककर बारिश का दौर चलता रहा। कालिका माता मंदिर बगीचे में कुछ इस तरह का नजारा रहा। फोटो - चिंटू मेहता भास्कर

## पूर्वानुमान...पश्चिमी विक्षोभ से हो रहा बदलाव

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक चक्रवातीय परिसंचरण, ट्रफ लाइन, पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव हो रहा है। आगामी 24 घंटे में कभी कभी बारिश के आसार बने हुए हैं।

## 24 घंटे में कहां कितनी बारिश (आंकड़े मिलीमीटर में)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आलोट | 10.0 | पिपलौदा | 4.0 | रावटी | 13.0 |
| जावरा | 0 | बाजना | 0 | सैलाना | 8.0 |
| ताल | 2.0 | रतलाम | 9.0 | जिला | 5.8 |

दै. भास्कर 2/9/21

निगमायुक्त ने बनाई कमेटी, आवंटन के दस्तावेजों की होगी जांच

# नित्यानंद व स्टेडियम मार्केट की दुकानों से अवैध कब्जे हटाएंगे

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** नगर स्वामित्व के मार्केटों, भवनों पर अवैध कब्जे हटाने की मुहिम शुरू हो गई है। पहले चरण में शहर सराय स्थित नित्यानंद मार्केट व स्टेडियम मार्केट के लोकेंद्र भवन के सामने वाली 53 दुकानों की जांच की जा रही है। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने इसके लिए एक कमेटी भी बना दी है। दुकान संचालकों को नोटिस देकर दुकानों के आवंटन संबंधी दस्तावेज मांगे गए हैं। दस्तावेज में अगर मूल आवंटी की जगह किसी अन्य के कब्जा होने की बात सामने आती है तो दुकानें खाली कराने की कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को निगम के मार्केटों में दुकानों पर कब्जे की जानकारी मिली थी, इसके बाद कलेक्टर ने बैठक लेकर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। गत सप्ताह नगर निगम ने लोकेंद्र भवन मार्ग पर स्थित पुरानी सब्जी मंडी के 35 ओटलों को तोड़ा था। तब भी यहां अवैध कब्जे की जानकारी मिली। इस पर निगमायुक्त ने कमेटी गठित की। दुकान संचालकों को जारी नोटिस के बाद अधिकांश ने किराया वृद्धि की रसीद ही बताई है, लेकिन दुकान आवंटन, लीज डीड जैसे दस्तावेज नहीं मिले। इसके



सिटी फोरलेन से गुमटियां हटाते हुए निगम अमला। •नईदुनिया

चलते कुछ दुकानों को खाली कराने की तैयारी भी की गई है। निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि अवैध कब्जे हटाने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**बाजना सिटी फोरलेन से 75 हटाई गुमटियां**

बुधवार को नगर निगम अमले द्वारा सागोद रोड जैन स्कूल से रेलवे ब्रिज तक 75 अवैध गुमटियां हटाई गई व 13 गुमटियों को राजसात किया गया। आयुक्त ने बताया कि शहर के मुख्य मार्गों पर लगी अवैध गुमटियों को हटाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा। मालूम हो कि यहां सिटी फोरलेन बनने के बाद फिर से अतिक्रमण होने लगा था।

### भैंसों के बाड़े व तबेलों को आज से हटाएंगे

नगर निगम सीमा क्षेत्र में सर्वे के बाद चि-त भैंसों के 29 तबेलों को हटाने की कार्रवाई गुरुवार से होगी। निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि नगर में स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाली भैंसों की संख्या बढ़ती जा रही है। शहर में अवैध रूप से संचालित सभी तबेलों का सर्वे नगर निगम द्वारा कराया जा चुका है। शहरी क्षेत्र में भैंसों का पालन करना निगम एक्ट के विपरित है। पशुपालक अपने तबेलों को हटाकर शहर से बाहर ले जाएं तोड़ा जाकर राशि वसूल की जाएगी।

नईदुनिया 2/9/21

## सागोद रोड जैन स्कूल से रेलवे ब्रिज तक की 75 अवैध गुमटियां हटाईं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर निगम ने बुधवार को सागोद रोड जैन स्कूल से रेलवे ब्रिज तक की 75 अवैध गुमटियां हटाईं। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया इनमें से 13 गुमटियों को राजसात किया गया। गुरुवार को बाजना बस स्टैंड क्षेत्र से गुमटियां हटाई जाएंगी।

शहर के मुख्य मार्गों पर लगी अवैध गुमटियों को हटाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा। अवैध गुमटीधारी अपनी गुमटियां स्वयं हटा लें। कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जीके जायसवाल, उपयंत्री राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, ब्रजेश कुशवाह, सहायक राजस्व निरीक्षक सुनील कपूर मौजूद रहे।

भास्कर

दै. भास्कर 2/9/21

# काटजू नगर में 55 घरों का सर्वे, आठ घरों में मिला लार्वा, डेंगू का खतरा!

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** शहर के काटजू नगर में नगर निगम के अधीन पानी की टंकी एवं बगीचों सहित अन्य स्थलों में सफाई नहीं होने से डेंगू का लार्वा पनप रहा है। काटजू नगर के रहवासियों की शिकायत पर बुधवार को कलेक्टर ने विशेष सर्वे कराया, जिसमें नगर निगम की लापरवाही सामने आई है।

मलेरिया विभाग की टीम ने काटजू नगर में सर्वे के दौरान पाया कि जिस व्यक्ति ने शिकायत की उसके घर के पास नगर निगम का बगीचा है, जिसमें पानी टंकी व आसपास दो बड़े टैंक में लीकेज एवं बरसात का पानी जमा था, जिसमें डेंगू का लार्वा पनप रहा है। साथ यहां आसपास निर्माण कार्य चल रहा था, जहां पानी जमा होने से लार्वा पनप रहा था। इसके अलावा और भी कई स्थानों में पानी जमा मिला। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग को जानकारी देकर लार्वा भी नष्ट कराया गया। साथ आसपास लोगों को साफ-सफाई रखने के लिए कहा गया है। 55 घरों के सर्वे में आठ में लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया। यहां तीन डेंगू के मरीज भी मिले जिनका उपचार प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है और उनकी जांच पहले हो चुकी थी।

मलेरिया अधिकारी ने बताया कि लगातार तीन दिन सर्वे किया जाएगा। यहां विशेष सर्वे कराया जा रहा है। जिस व्यक्ति ने शिकायत की थी उसके घर में भी लार्वा मिला है। लोग अपने घरों या आसपास पानी जमा होने दे रहें हैं, जिससे डेंगू का लार्वा पनप रहा है। जिले में बुधवार को डेंगू का नया मरीज नहीं मिला।

**आशाओं को दिया प्रशिक्षण**

**पिपलौदा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति, सहायक मलेरिया अधिकारी एनएस वसुनिया ने बीएमओ डा. योगेंद्रसिंह गामड़ की उपस्थिति में विकासखंड की समस्त आशाओं को मलेरिया व डेंगू के लक्षणों को पहचानने, मलेरिया की जांच करने, मलेरिया में पाए जाने पर उपचार करने आदि की जानकारी दी। आशाओं को किट, रजिस्टर, सर्वे प्रपत्र आदि सामग्री का वितरण कर डेंगू व मलेरिया को कम करने हेतु जानकारियां दी गई। अशोक पोरवाल ने सामग्री का वितरण किया। डा. दीपक शाह, कंवरलाल पाटीदार, आशीष बारोट, मुकेश खंगुड़ा, एसके दवे, सीबी चटप, पुष्पा पुरानिया आदि उपस्थित थे।

**आज घर-घर जाकर सर्वे के निर्देश**

**आलोट।** कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम द्वारा क्षेत्र की समस्त ग्राम पंचायतों में डेंगू से बचाव व आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर आदेश जारी किया गया। इसमें अनुभाग अंतर्गत पटवारी, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व ग्राम कोटवार को अपने-अपने क्षेत्र व पंचायतों में अभियान के रूप में दो सितंबर को प्रत्येक ग्राम पंचायत में भ्रमण कर घर-घर जाकर लोगों को डेंगू के संबंध में जागरूक करने, उनके घरों में बारिश व अन्य कोई पानी का भराव किया गया हो तो उसे खाली करवाने, डेंगू संक्रमण के रक्षात्मक उपायों के संबंध में प्रचार-प्रसार करने को कहा गया है। साथ ही निरीक्षण के दौरान यदि कोई अनुपस्थित पाया गया तो उसके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जाएगा।

**नालियों की सफाई करवाई जाए**

**बाजना।** बीते एक पखवाड़े से ग्राम के साथ अंचल में मच्छरों का प्रकोप बढ़ने के साथ ही मरीजों की संख्या भी बढ़ने लग गई है। हर घर में वायरल फीवर से घर का एक न एक सदस्य पीड़ित है। रतनलाल राठौर, रमेश टाक, उमाशंकर शर्मा, जयेंद्र देवड़ा के साथ ग्रामीणों ने नालियों की सफाई व दवाई छिड़काव करवाने की मांग की है।

नईदुनिया


काटजूनगर बगीचे की टंकी में मिला डेंगू का लार्वा। ●नईदुनिया

नईदुनिया 2/9/21

---

# डेंगू में लापरवाही : ठेकेदार ने सड़क पर नहीं की पानी निकासी

**पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट**

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** जिले में एक तरफ डेंगू के प्रति सतर्कता की बात की जा रही है वही रेलवे कॉलोनी के आवास से लेकर खेल मैदान में गाजर घांस से लेकर पानी ही पानी हो रहा हैं।

ओल्ड रेलवे कॉलोनी में रोड नंबर दो पर ठेकेदार ने कुछ दिन पूर्व ही सड़क का निर्माण किया था। सड़क निर्माण के दौरान रेलवे कॉलोनी के रहवासी खुश हो गए थे। अब यही सड़क इनके लिए परेशानी का कारण बन गई हैं।





इसकी वजह यह है कि सड़क तो बन गई, लेकिन बारिश के पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं की गई। ऐसे में जब जब बारिश आती है तब तब पानी सड़क से बहकर रेल आवास के पास एकत्रित हो जाता है। ऐसे में डेंगू का खतरा बढ़ रहा है, क्योंकि बारिश का पानी कई कई दिन तक ठहरा हुआ है। इतना ही नहीं बारिश के चलते रहवासियों को बाहर आने में भी समस्या हो रही है।

## खेल मैदान में अव्यवस्था

इसी प्रकार रेलवे खेल मैदान में भी जमकर अव्यवस्था हो गई है। कहने को रेलवे खेल मैदान की देखभाल वरिष्ठ अधिकारी संभालते हैं, लेकिन जब तक कोई आयोजन नहीं हो अधिकारी खेल मैदान में झांकने भी नहीं जाते हैं। ऐसे में प्रतिदिन अभ्यास करने वाले खिलाड़ी परेशान हो रहे हैं। यहां पर गाजर घांस के चलते बड़े बड़े मच्छर हो रहे हैं, इससे भी खिलाड़ी परेशान हैं।

पत्रिका

पत्रिका 2/9/21

डिस्पोजल एसोसिएशन को निगम आयुक्त की दो टूक

# 1 अक्टूबर तक का समय, फिर कार्रवाई

पत्रिका लाइव रिपोर्ट



रतलाम. दोपहर करीब 12 बजे का समय। नगर निगम में बुधवार को शहर के डिस्पोजल एसोसिएशन के सदस्य निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से मिलने आए। इनकी मांग है कि शहर में डिस्पोजल को जब्त करने का जो अभियान चल रहा है, उसको बंद किया जाए। जवाब में आयुक्त झारिया ने नए अधिनियम बताते हुए कहा कि जो स्टॉक है, उसको समाप्त 1 अक्टूबर तक कर दें, इसके बाद स्वयं ही कार्रवाई के लिए उतरुंगा।

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी एपीसिंह के नेतृत्व में 50 माईक्रो से कम की मानक वाली प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चल रहा है। बिते छह माह की बात करें तो 20 हजार क्विंटल से अधिक प्लास्टिक को जब्त किया गया है व इसका कारोबार करने वालों पर आर्थिक दंड किया हुआ है। अब तक निगम की कार्रवाई प्लास्टिक की पन्नी का कारोबार करने वालों पर चल रही थी, अब इसको आगे बढ़ाते हुए शहर में डिस्पोजल का कारोबार करने वालों के खिलाफ शुरू हो गई है।

जब डिस्पोजल एसोसिएशन के सदस्यों ने निगम आयुक्त झारिया को कहा कि कागज के डिस्पोजल है यह प्लास्टिक के नहीं है, इस पर आयुक्त झारिया ने कप में पानी भर दिया। इसके बाद बोले अगर यह कागज का है तो गलना चाहिए। इसके बाद डिस्पोजल एसोसिएशन के पदाधिकारी बोले इसमे प्लास्टिक की लेयर होती है। इसके बाद आयुक्त झारिया ने कह दिया गणमान्य कारोबारी शहर की चिंता नहीं करेंगे तो कैसे चलेगा। डिस्पोजल एसोसिएशन की तरफ से अध्यक्ष संजय पारिख, सचिव अर्पित अग्रवाल, सदस्य राहुल पोखरना, संजय घोंचा, ताराचंद पिपलानी, विजय अग्रवाल, संदीप परिहार, त्रिलोक टिटवानी आदि उपस्थित रहे।

अन्य शहर स्वच्छता में नंबर एक पर आ सकते है तो हम क्यों नहीं। इसके लिए जंग जारी है। शहर के प्रत्येक व्यक्ति को इसमे सहभागिता करना होगी।- **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 2/9/21

# बी ब्लॉक भी नहीं बनेगा, अब पास वाली जमीन में भी उलझन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

**धोखे की द्वारका रेजीडेंसी**

बिना अनुमति सरकारी जमीन पर सड़क बनाकर दुकानों और फ्लैट्स को लोगों को ऊंचे दाम पर बेचने वाली द्वारका रेजीडेंसी फर्म का एक और धोखा बुधवार को सामने आया। दरअसल बुकिंग के समय फर्म ने वीडियो के माध्यम से मौके पर ए और बी ब्लॉक बनाना बताया था लेकिन अब तक ए ब्लॉक ही पूरा नहीं बन पाया है। इसके दूसरी तरफ बी ब्लॉक बनना प्रस्तावित है। बताया जा रहा है कि बी ब्लॉक की जमीन को लेकर भी कुछ उलझन है। फर्म के जितेंद्र नागल के अनुसार अभी बी ब्लॉक बनाने की तैयारी नहीं है। जमीन खरीदी से लेकर निर्माण तक में पैसा लगाने वाले निवेशक भी खासे नाराज हैं। भास्कर

## निगम जारी करेगा नोटिस, निरस्त हो सकता है नक्शा

प्रशासन का लेटर आने के बाद नगर निगम ने द्वारका रेजीडेंसी पर कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार को बिल्डिंग परमिशन की जांच शुरू हो गई है। इसमें यह पता लगाया जा रहा है कि निर्माण शर्तों के मुताबिक हुआ या नहीं। उधर खसरा खाते में सरकार नजूल जमीन दर्ज होने के बाद टीएंडसीपी के उपसंचालक जीएल वर्मा ने नक्शा कैंसल करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की तरह नगर निगम और टीएंडसीपी के अफसरों ने भी कार्रवाई कर दी तो द्वारका रेजीडेंसी का प्रोजेक्ट ठप हो सकता है।

दै. भास्कर 2/9/21

## 7 वाहनों को जब्त कर वसूला जुर्माना

पत्रिका

**रतलाम.** नगर में ऐसे नागरिक जो कि अपने वाहनों को नो पार्किंग में खड़ा कर यातायात व्यवस्था को बाधित करते हैं, उनके वाहन जब्त कर जुर्माना वसूलने की कार्यवाही जारी है। नो पार्किंग में खड़े 7 वाहनों को नगर निगम की क्रेन से जब्त कर संबधितों से जुर्माना वसूला गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया चांदनी चौक, घांस बाजार, चौमुखी पुल, शहर सराय आदि क्षेत्रो में नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर संदीप-भरतलाल राठौर निवासी नामली पर 500, अरविन्द-कैलाश, दिलीप-भरतलाल दो बत्ती, हर्षित-अशोकसिंह सोलंकी दो बत्ती, जयेश-राजेश भरगट चांदनी चौक, करणसिंह-हीरालाल, शेख शाहबाज हुसैन पर 200-200 रूपये का जुर्माना किया गया।

पत्रिका 2/9/21

## नो पार्किंग में खड़े 7 वाहनों पर जुर्माना

स्वदेश

**रतलाम** ● नगर में ऐसे नागरिक जो कि अपने वाहनों को नो पार्किंग में खड़ा कर यातायात व्यवस्था को बाधित करते है, उनके वाहन जब्त कर जुर्माना वसूलने की कार्रवाई निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार चलाई जा रही है जिसके तहत नो पार्किंग में खड़े 7 वाहनों को नगर निगम की क्रेन से जब्त कर संबंधितों से जुर्माना वसूला गया।

स्वदेश 2/9/21

## नो पार्किंग में खड़े छह वाहनों को जब्त कर वसूला जुर्माना

**रतलाम।** निगम आयुक्त के निर्देशानुसार बुधवार को चांदनी चौक क्षेत्र में नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने वाले छह चालकों पर कार्रवाई की गई। हेमंत-जसवंत सोनी गुजरात व गौरव-विजेंद्र गादिया चांदनी चौक से 500-500, संभव-सुभाष, नवदीप-जयंतलाल मूणत, विशाल-ईश्वरसिंह व नवीन-रमेशचंद्र राहोरी से 200-200 रुपये का जुर्माना वसूला गया। नईदुनिया

नईदुनिया 2/9/21

**टीकाकरण** | **कलेक्टर ने दिए माइक्रो प्लान बनाकर काम करने के निर्देश**

# आज शहर में मोबाइल दल करेगा भ्रमण, मौके पर ही लगाई जाएगी वैक्सीन

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** जिले में कोविड वैक्सीनेशन अभियान की समीक्षा बुधवार शाम को करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए कि प्रत्येक विकासखंड में कम से कम 90 प्रतिशत प्रथम डोज वैक्सीनेशन होने पर ही संतुष्टि हो सकेगी। इसलिए अब माइक्रो प्लान बनाकर काम किया जाए। रतलाम शहर में 96 प्रतिशत वैक्सीनेशन किया जा चुका है। शहर में दो सितंबर को मोबाइल दल भ्रमण करके टीकाकरण करेंगे। गुरुवार को जिले में 22 हजार लोगों का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

इस दौरान जिला पंचायत सीइओ मीनाक्षीसिंह, एसडीएम अभिषेक गहलोत, एमएल आर्य, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन, मनीषा वास्कले, जिला टीकाकरण अधिकारी डा. वर्षा कुरील, सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे, डीपीएम डा. अजहर अली, कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास रजनीश सिन्हा आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि रतलाम जिला अस्पताल में सुबह नौ से शाम पांच बजे तक वैक्सीनेशन कैंप रखते हुए वंचित व्यक्तियों का वैक्सीनेशन किया जाए। बैठक में बताया गया कि रतलाम शहर में वैक्सीनेशन दलों द्वारा 77 ऐसे व्यक्तियों का वैक्सीनेशन घर पहुंचकर किया गया जो या तो दिव्यांग अथवा 80 वर्ष आयु से ऊपर के हैं।

**टीकाकरण को लेकर ऊहापोह की स्थिति खत्म**

**करिया।** क्षेत्र में नियमित अंतराल के दौरान हो रहे टीकाकरण के चलते ग्राम पंचायत शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के कगार पर पहुंच गई है। यही कारण है कि वर्तमान में टीकाकरण को लेकर भीड़भाड़ व ऊहापोह की स्थिति लगभग समाप्त हो चुकी है। वर्तमान में गांव में जहां शत-प्रतिशत लोगों को प्रथम डोज लग चुका है, वहीं मजरों में भी महज पांच प्रतिशत'लोग प्रथम डोज से वंचित है। बुधवार को टीकाकरण केंद्र पर दिनभर मंथर गति से वैक्सीनेशन हुआ। इसमें अधिकांश लोगों ने सेकंड डोज का टीका लगवाया। बीएलओ बहादुरसिंह डामोर ने बताया कि करिया गांव के 1336 मतदाताओं में से मृत 35 लोगों को छोड़कर शेष 1301 लोगों को प्रथम डोज के रूप में शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य हासिल किया जा चुका है। मजरा नयाखेड़ा, डोकरिया कुंड के बीएलओ बद्रीलाल प्रजापत ने बताया कि 536 मतदाताओं में से 515 को पहला टीका लगाया जा चुका है। पहाड़ी बंगला के बीएलओ गजेंद्र ने बताया कि 375 मतदाताओं में से कुछ बीमार होने और गांव से बाहर होने की वजह से पांच फीसद प्रथम डोज से वंचित रह गए हैं। जिनके लिए भी प्रयास किया जा रहा है।

**गर्भवती महिलाओं को लगाए टीके**

**रावटी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर गर्भवती माताओं, धात्री माताओं को कोरोना से बचाव के लिए टीके लगाए गए। सत्र का प्रारंभ मेडिकल आफिसर डा. पीयूष मांगरिया ने किया। एएनएम संगीता पाटीदार ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। कविता निगम द्वारा गर्भवती, धात्री माताओं का टीकाकरण किया गया। बीसीएम विनोद गेहलोत ने वैक्सीनेशन के फायदे बताए। क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता द्वारा गर्भवती माताओं, धात्री माताओं को टीका लगवाया गया। 114 हितग्राहियों का वैक्सीनेशन किया गया।

**नामली में 220 लोगों को लगाए टीके**

**नामली।** नगर के सरकारी अस्पताल में बुधवार को 220 लोगों पहला व दूसरा टीका लगाया गया। ब्लाक मेडिकल आफिसर डा. राजेश मंडलोई, नर्स प्रियंका बौरासी, बीएलओ मनोरमा सोलंकी मौजूद रहीं।



रावटी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर टीका लगवाती हुई महिला। ● नईदुनिया

नईदुनिया 2/9/21

## मोबाइल दल करेगा वैक्सीनेशन, जिला अस्पताल में होगा कैंप

**रतलाम |** कोविड वैक्सीनेशन अभियान की समीक्षा बुधवार को कलेक्टर ने की। उन्होंने कहा प्रत्येक विकासखंड में कम से कम 90 प्रतिशत प्रथम डोज वैक्सीनेशन होने पर ही संतुष्टि हो सकेगी। माइक्रोप्लान बनाने का कहा है। शहर में 96 प्रतिशत वैक्सीनेशन हो चुका है। कलेक्टर ने बताया शहर में गुरुवार को मोबाइल दल भ्रमण करके टीकाकरण करेंगे, 2 सितंबर को जिले में 22 हजार लोगों का वैक्सीनेशन होगा। जिला अस्पताल में वैक्सीनेशन कैंप रखा जाएगा, इसमें बचे हुए लोगों को वैक्सीन लगेगी। कैंप सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा।

भास्कर

दै.भास्कर 2/9/21

## वैक्सीनेशन के लिए माइक्रो प्लान के निर्देश

**रतलाम.** जिले में संचालित कोविड वैक्सीनेशन अभियान की समीक्षा कलेक्टर द्वारा बुधवार शाम की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक विकासखंड में कम से कम 90 प्रतिशत प्रथम डोज वैक्सीनेशन होने पर ही संतुष्टि हो सकेगी। इसलिए अब माइक्रो प्लान बनाकर कार्य किया जाए। रतलाम शहर में 96 प्रतिशत वैक्सीनेशन किया जा चुका है। रतलाम शहर में 2 सितम्बर को मोबाईल दल भ्रमण करके टीकाकरण करेंगे। 2 सितम्बर को जिले में 22 हजार लोगों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि रतलाम जिला चिकित्सालय में वैक्सीनेशन कैंप रखते हुए वंचित व्यक्तियों का वैक्सीनेशन किया जाए। पत्रिका

पत्रिका 2/9/21

# डाट की पुलिया बंद होने से रोज लग रहा जाम



रतलाम | फोरलेन निर्माण के चलते इन दिनों दो बत्ती से डाट की पुलिया का रोड बंद है। इस कारण जावरा फाटक अंडरब्रिज पर दबाव बन गया है और यहां दिन में कई बार जाम लग रहा है। दूसरी ओर यहां पर यातायात पुलिस की व्यवस्था भी नहीं है। इससे वाहन चालक परेशान हो रहे हैं और हादसे का अंदेशा है। भास्कर

दै. भास्कर 2/9/21

**वायरल व डेंगू बेकाबू** • जिला अस्पताल की लैब में भारी भीड़, संसाधन कम पड़े, डेंगू की किट खत्म

# दर्द : एक भी बेड खाली नहीं, बच्चे भी बीमार
# देरी : स्टाफ बढ़ाने के लिए अब खुली नींद

## ओपीडी में लंबी लाइन में लगकर आ रहा नंबर, मेडिकल कॉलेज जाने को तैयार नहीं हो रहे लोग

भास्कर संवाददाता | रतलाम

हमारे जिले में वायरल फीवर और डेंगू बेकाबू हो चुका है। जिला अस्पताल में एक-एक बेड के लिए मरीज मिन्नतें कर रहे थे। इधर अगस्त के महीने में 43 हजार से ज्यादा मरीजों का रजिस्ट्रेशन हुआ है, जो इस साल में सबसे ज्यादा है।

हर तीसरा मरीज बुखार, बदन दर्द और सिरदर्द की शिकायत लेकर पहुंच रहा है। बुधवार को सुबह से ही अस्पताल में बेड खाली नहीं थे लेकिन भीड़ जस की तस बनी हुई थी। शाम तक 1718 मरीज पहुंचे। **इयूटी लगेगी :** सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर ने बताया पैथोलॉजी में अलग से ऑपरेटर और टेक्निशियन की नियुक्ति कर रहे हैं। मेटरनिटी के रीज को यहां आना ना पड़े, इसका इंतजाम कर रहे हैं।

### बच्चों के डॉक्टरों के पास लंबी कतारें, जिला अस्पताल के सिर्फ दो डॉक्टर ही संभाल रहे व्यवस्था



अभी एमसीएच में बच्चों की ओपीडी लग रही है। यहां डॉक्टरों के पास मरीजों की लंबी कतार बनी हुई है।

इधर वायरल फीवर ने बच्चों पर भी अटैक किया है। अस्पताल में बच्चों के डॉक्टरों के पास भारी भीड़ है। जिला अस्पताल के पास अब दो डॉक्टर सेवा में लगे हैं। पहले तीन थे इनमें से डॉ. हरोड़ ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली है। अब डॉ. आरसी डामोर और डॉ. प्रमोद झारे इयूटी पर हैं। इधर, 3 दिन मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर व 4 दिन जिला अस्पताल के डॉक्टर ड्यूटी दे रहे हैं।

### जिला अस्पताल की सालभर की ओपीडी

| | |
|---|---|
| सितंबर 2020 | 24361 |
| अक्टूबर | 22977 |
| नवंबर | 21187 |
| दिसंबर | 22243 |
| जनवरी 2021 | 23184 |
| फरवरी | 24157 |
| मार्च | 28177 |
| अप्रैल | 17717 |
| मई | 14916 |
| जून | 20919 |
| जुलाई | 27516 |
| अगस्त | 43667 |

नोट - ई-हॉस्पिटल में रजिस्टर्ड मरीज।

### मई में 14 हजार थे अब 43 हजार

इधर, अस्पताल की ओपीडी का हाल खराब है। बीते सालभर में इस साल अब तक की सबसे ज्यादा ओपीडी है। अगस्त के महीने में 43667 मरीज अस्पताल में रजिस्टर्ड हुए हैं जबकि दो महीने पहले मई में 14,916 मरीज ही रजिस्टर्ड हुए थे। इससे पहले मार्च में 28,177 मरीज रजिस्टर्ड हुए थे।

### डेंगू के 8 सैंपलों की ही जांच

इधर डेंगू के मरीज भी जिले में नया रिकॉर्ड बना रहे हैं। बुधवार को सिर्फ 8 सैंपलों की ही जांच हो सकी है। इसका कारण किट खत्म होना है। अब किट आने के बाद ही जांच हो सकेगी। जिले में अब तक डेंगू के 202 मरीज मिले हैं इससे पहले 2018 में 242 मरीज सामने आए थे जो अब तक सर्वाधिक थे।

### काटजू नगर में 4 मरीज मिले

बुधवार को मलेरिया विभाग की टीम काटजू नगर में पहुंची। पानी की टंकी के आसपास 4 लोग डेंगू और वायरल से पीड़ित मिले। क्षेत्र में लार्वा भी मिला। मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि एंटी लार्वा की कार्रवाई की गई है। नगर निगम के अधिकारियों को पानी को ढंकने के इंतजाम के बारे में बता दिया है।

दै. भास्कर 2/9/21

## अपने घरों के आसपास मच्छर पैदा ना होने दें



रतलाम ● मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसे रोगों के फैलने का मुख्य कारण मच्छरों का बढ़ना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने वाहक जनित रोगों जैसे मलेरिया, चिकनगुनिया एवं डेंगू से बचाव के लिए मच्छरों से बचाव करने का अनुरोध किया है। सीएमएचओ डॉ.प्रभाकर ननावरे ने बताया कि वाहक जनित रोगों से बचाव के लिए अपने घरों के आसपास पानी इकट्ठा ना होने दें। अपने कूलर की नियमित रूप से सफाई करें। कूलर से यदि पानी निकालना संभव ना हो तो कूलर में टेमोफास ग्रेन्यूल्स अथवा एक बड़ा चम्मच पेट्रोल या डीजल डाल सकते हैं। छत पर रखी पानी की टंकियों को पूरी तरह ढंक कर रखें। पानी रखने वाले बर्तनों को ढंक कर रखें। चिड़ियों को दिए जाने वाले पानी के पात्र एवं पौधों का पानी प्रतिदिन बदले। टूटे-फूटे बेकार बर्तन, कप, गमले, टायर इत्यादि जिसमें बरसात का पानी जमा हो सकता है, इन को खुला न रखें तथा हटा दें। पूरे बाजू के कपड़े पहने तथा मच्छरदानी का उपयोग करें।

## जिले में अब तक डेंगू के 202 मामले, 2 दिनों में 10 नए मरीज मिले

रतलाम। जिले में अब तक 200 से अधिक डेंगू के मरीज सामने आ चुके हैं। बीते 2 दिनों में ही डेंगू के 10 नया केस भी सामने आए हैं। जिले में डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार प्रभावित क्षेत्रों में डोर टू डोर सर्वे कर संदिग्ध डेंगू के मरीजों की पहचान में जुटी हुई है। रतलाम मेडिकल कॉलेज में डेंगू के मरीजों के उपचार के लिए अलग से वार्ड भी शुरू किया गया है, जहां 5 मरीजों को भर्ती किया गया है। वहीं अब मेडिकल कॉलेज में ही डेंगू के संदिग्ध मरीजों की जांच की व्यवस्था की जा रही है। रतलाम जिले में जुलाई और अगस्त के महीने के दौरान 200 से अधिक डेंगू के मरीज मिले हैं। स्वास्थ विभाग के सर्वे के दौरान इन गांव और शहर में बड़ी संख्या में वाटर टैंकों में मच्छर के लार्वा मिले हैं। ग्रामीण क्षेत्र के अलावा शहरी क्षेत्र में भी डेंगू की रोकथाम के लिए ननि द्वारा मलेरिया विभाग के साथ मिलकर लार्वा सर्च और चालानी कार्रवाई की जा रही हैं।

# आयुष्मान के हजार कार्ड रोज बनाएं

## कार्ड का काम धीमा होने पर कलेक्टर नाराज

**रतलाम, नप्र।** लोग कहते हैं कि प्रशासन हमारी नहीं सुनता हैं तब तो समझ में आता है। लेकिन यहां तो कलेक्टर की भी बात पर ठीक से अमल नहीं हो रहा है। कलेक्टर कई बार कह चुके हैं कि आयुष्मान कार्ड बनाने के काम में ढिलाई नहीं बरती जाए लेकिन उनके आदेशों को ही अनदेखा किया जाता है।

कल ही कलेक्टर समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के आंकड़ों को देखकर कलेक्टर काफी नाराज हुए। कहा कि आयुष्मान योजना शासन की खास योजना है जिसका लाभ समयावधि में लोगों को मिलना चाहिए लेकिन कार्ड बनाए जाने में ही काफी ढिलाई बरती जा रही है।

कलेक्टर ने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने का काम इतना धीमा होगा तो कैसे चलेगा। नगर निगम आयुक्त और एसडीएम से कहा कि आयुष्मान कार्ड काम की गति ऐसी बढ़ाई जाए कि एक दिन में कम से कम एक हजार कार्ड बनाए जाएं। इसके अलावा अस्पताल के सिविल सर्जन से भी कहा कि अस्पताल की ओपीडी में आने वाले मरीजों में से ऐसे लोगों का चयन कर जो कार्ड के पात्रता रखता हो, उनके कार्ड बनाए जाने की कार्रवाई अस्पताल में ही की जाए। उन्होंने शिराली जैन को निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की रोजाना मानिटरिंग की जाएं।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को चेताया कि वे कब्जों के केवल मामले दर्ज नहीं करें बल्कि ठीक ढंग से कब्जों को हटाए जाने की कार्रवाई करें। गिरदावरी गुणवत्तायुक्त हो। सभी एसडीएम, तहसीलदार रैंडम निरीक्षण करें। कलेक्टर ने कहा कि 15 सितंबर तक काम पूरा किया जाना है। बैठक में सीएम हेल्प लाइन के लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए सभी जिला प्रमुखों को निर्देशित किया कि आगामी समय सीमा की बैठक में किसी भी विभाग की रैंकिंग 20 से नीचे नहीं होना चाहिए। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी मीनाक्षी सिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, एसडीएम एम.एल. आर्य, एसडीएम अभिषेक गेहलोत आदि उपस्थित थे।

### जिले में अब तक 28 इंच बारिश

जिले में अब तक 700.1 मिलीमीटर करीब 28 इंच बारिश दर्ज की गई है। बीते चौबीस घंटे में जिले में औसत 4.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। भू अभिलेख से मिली जानकारी के मुताबिक जावरा में 3 मिलीमीटर, पिपलौदा में 2 मिलीमीटर, बाजना में 4 मिलीमीटर, रतलाम में 8 मिलीमीटर तथा सैलाना में 21 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज की गई। उल्लेखनीय है कि जिले की सामान्य बारिश 918.3 मिलीमीटर है।

प्रभातकिरण 1/9/21

**स्वास्थ्य विभाग नहीं पहुंच पाया 29 तबेलों में**

# राजस्व विभाग ने तोड़ा अतिक्रमण, हटाई 75 अवैध गुमटियां



रतलाम. नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम द्वारा सड़क को चौड़ा करने के चलाए अभियान अंतर्गत सागोद रोड पर निगम के राजस्व विभाग ने बुधवार को 75 अवैध गुमटियों व अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। इसके विपरीत 29 अवैध तबेले अब भी कार्रवाई की जद से बाहर ही हैं। निगम का स्वास्थ्य विभाग समझाने में लगा हुआ है।

शहर में मित्रनिवास रोड पर सिटी फोरलने निर्माण कार्य तेजी से जारी है। कॉलेज रोड से भी इसका निर्माण होना है। ऐसे ही सागोद रोड पर सिटी फोरलने तो बना, लेकिन अतिक्रमण व गुमटियां इसके सौंदर्यीकरण को समाप्त कर रही थी। इन गुमटियों के चलते कई बार जाम के हालात भी बनते थे। कई बार निगम प्रशासक व कलेक्टर कुमार को शिकायत पहुंची थी। इसके बाद ही अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया गया था।

बुधवार सुबह 10 बजे राजस्व विभाग का अमला पुलिस के साथ पहुंचा। कुछ गुमटी संचालकों ने पहले ही अपनी गुमटियों का हटा लिया था। करीब 75 गुमटियां फिर भी लगी हुई थी। इनको हटाने के लिए चेतावनी दी गई। जिन्होंने नहीं हटाया उनको निगम के अमले ने जब्त कर लिया। एक आवास की बाउंड्रीवॉल को भी अतिक्रमण की जद में पाए जाने के बाद तोड़ दिया गया।

## इनके है अवैध तबेले

इधर दूसरी तरफ मवेशियों को सड़क पर छोड़ने वाले अवैध तबेले के संचालकों पर गाज बुधवार को भी नहीं गिरी। शहर के 29 अवैध तबेले संचालकों को समझाने का दौर जारी है। लंबे समय से जिनके अवैध तबेले है निगम के स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह के अनुसार उनमे शरीफ खां-हसन खां, बशीर खां-हसन खां बंजारा बस्ती, बालकिशन शर्मा सूरजमल जैन नगर, कृष्णकुमार गुर्जर डंकाला रोड, हमीद-माजिद शैरानीपुरा, रूआव-फकीर मोहम्मद, असलम बशीर शैरानीपुरा खेड़ा शामिल है।

पत्रिका 2/9/21

# बाजना बस स्टैण्ड क्षेत्र से हटाया अतिक्रमण





रतलाम। नगर निगम द्वारा एक बार फिर अतिक्रमण मुहिम शुरु की गई है जिसके अंतर्गत बाजना बस स्टेण्ड क्षेत्र से अतिक्रमण हटाया गया। कार्यवाही के दौरान निगम के अधिकारी, कर्मचारी और भारी मात्रा में पुलिस बल भी तैनात दिखाई दिया। जानकारी के अनुसार फोरलेन निर्माण के बाजना बस स्टेण्ड क्षेत्र में क्षेत्रीय लोगो द्वारा दोबारा अतिक्रमण कर लिया गया था। जिसे लेकर नगर निगम को कई शिकायत प्राप्त हो रही थी। जिसके बाद बुधवार सुबह निगम अमला जेसीबी मशीन के साथ क्षेत्र में पहुंचा और अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू किया। इस बीच कई लोगो ने स्वयं ही अपने अतिक्रमण एवं घुमटिया हटा दी थी।

निगम की कार्यवाही के बीच फोरलेन के डिवाइडर के बीच बिजली के पोल लगाने का कार्य भी तेजी से शुरू हो चूका है। इस दौरान मौके पर निगम की वरिष्ठ अधिकारियो और कर्मचारियों के बीच स्थानीय पुलिस बल भी भारी मात्रा में मौजद था।

राज एक्सप्रेस २/९/२१

कार्यशाला में निविदा प्रक्रिया व शर्तों से कराया अवगत

# सुभाष शॉपिंग कॉम्लेक्स की दुकान बिक्री करने हुई कार्यशाला

पत्रिका



**रतलाम.** शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग महू रोड पर स्थित सुभाशचन्द्र शॉपिंग काम्पलेक्स की 99 दुकानों की बिक्री के लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बुधवार शाम को अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में कार्यशाला का आयोजन किया। इसमे व्यापारी, दुकानदार व नागरिकों को दुकानें क्रय करने हेतु निविदा प्रक्रिया व शर्तों की जानकारी दी गई। निगम आयुक्त झारिया ने बताया आयोजित कार्यशाला में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सुभाशचन्द्र शॉपिंग काम्पलेक्स में निर्मित जानकारी से नागरिकों को बताते हुए आयुक्त ने कहा कि 102 दुकानों मे से शेष 99 दुकानों की बिक्री नगर निगम द्वारा ऑनलाईन निविदा के माध्यम से की जाएगी। इसकी निविदा जारी की जा रही है।

## आरक्षण को किया तय

शहर की आबादी के मान से दुकानों का आरक्षण तय कर दिया गया है। इसके साथ ही कलेक्टर गाईड लाईन अनुसार दुकानों का आरक्षित मूल्य भी तय कर दिया गया है। वर्तमान में दुकानों की रंगाई-पुताई व मरम्मत शुरू कर दी गई है। काम्पलेक्स में निगम द्वारा कार्यालय संचालित किया जा रहा है कोई भी नागरिक कार्यालय समय में उपस्थित होकर दुकानों की जानकारी लेने के साथ ही दुकानों को देख भी सकते हैं।

## इस तरह मिलेगी सुविधा

इस अवसर पर आयुक्त ने बताया कि दुकान आवंटन होने पर 25 प्रतिशत राशि व 120 दिवस या उससे पहले संपूर्ण राशि जमा कराने पर एक सप्ताह में रजिस्ट्री करा दी जायेगी। आवंटन के समय यदि एक साथ 10 वर्ष की लीजरेंट राशि जमा करा दी जाती है तो उसे फ्री होल्ड किया जाकर संपूर्ण मालिकाना हक दे दिया जाएगा। इसके बाद सिर्फ वार्षिक भू-भाटक ही जमा कराना होगा। कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास ने इस अवसर पर ऑनलाईन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दुकान क्रय करने वाले व्यक्ति को ऑन लाईन टेण्डर भरे जाने हेतु सर्विस प्रोवाईडर की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, एमके जैन, शैलेंद्र गोठवाल सहित व्यापारी, दुकानदार व नागरिक उपस्थित थे।

पत्रिका 2/9/21